न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पीसागंन (अजमेर)

पीठासीन अधिकारी — अपूर्वा परवाल आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या — 220 / 2023

1. पुष्पा राठौड पत्नि स्व. श्री बिरेन्द्र सिंह राठौड
2. भवानी प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री बिरेन्द्र सिंह राठौड

जाति राजपूत निवासी ग्राम बुधवाडा तहसील पीसागंन जिला अजमेर हाल निवासी – 191 / 11 कमल निवास , कुन्दन नगर अजमेर

..प्रार्थीगण

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये विद्वान तहसीलदार पीसागंन ......अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 रा0 भू0 रा0 अधिनियम 1956

उपस्थित :– स्वयं उपस्थित – प्रार्थीगण

–: निर्णय :– दिनांक 27.10.2023

संक्षिप्त में प्रार्थना पत्र में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने यह प्रार्थना पत्र वास्ते दुरूस्ती के अन्तर्गत धारा 136 भू0 रा0 अधिनियम 1956 का इस तथ्य के साथ प्रस्तुत किया कि ग्राम बुधवाडा तहसील पीसागंन में आधार जमाबदीं सवंत 2070–2073 जमाबदीं 2075 (वर्ष 2019) में खाता संख्या नया 406 पुराना 343 व खाता संख्या 328 पुराना 650 में मेरे व मेरे पुत्र के नाम में मेरे पति का नाम भंवरसिंह दर्ज हो गया है जबकि वास्तव में उनका नाम बिरेन्द सिंह राठौड है जो कि उनके मृत्यु प्रमाण पत्र व राशन कार्ड व अन्य दस्तोवेजों में भी अकिंत है। अतः निवेदन है कि मेरे व मेरे पुत्र के खातेदारी भूमि के रिकार्ड में मेरे स्व. पति व पुत्र के पिता का नाम को दुरूस्त करवाने का कष्ट करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार पीसागंन को वास्ते रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गयी। तहसीलदार पीसागंन से रिपोर्ट प्राप्त हुई।

मैनें पत्रावली एंव पत्रावली पर उपलब्ध दस्जावेज़ों का तथा तहसीलदार पीसागंन की रिपोर्ट का अवलोकन किया । नगर निगम अजमेर से जारी मृत्यु प्रमाण पत्र , परिवार राशन कार्ड , प्रार्थीया एंव उनके पुत्र के आधार कार्ड में प्रार्थीया के पति का नाम बिरेन्द सिंह राठौड ही दर्ज है। तहसीलदार पीसागंन से प्राप्त रिपोर्ट में पटवारी बुधवाडा एंव भू.अ. निरीक्षक पिचोलिया की रिपोर्ट अनुसार पुष्पा राठौड पत्नि बिरेन्द सिंह व पुष्पा राठौड पत्नि भंवरसिंह एक ही व्यक्ति है तथा भवानी प्रतापसिंह पुत्र बिरेन्द्र सिंह व भवानी प्रतापसिंह पुत्र भंवरसिंह एक ही व्यक्ति है । वर्किंग जमाबदीं एंव परिशोधन नम्बर 676 के अनुसार भूमि पुश्तैनी होने से वाछिंत दुरूस्ती किया जाना उचित है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है । **तहसीलदार पीसागंन को आदेश दिये जाते हैं कि वह ग्राम बुधवाडा तहसील पीसागंन में आधार जमाबदीं सवंत 2070–2073 जमाबदीं 2075 (वर्ष 2019) में खाता संख्या नया 406 पुराना 343 व खाता संख्या 328 पुराना 650 में पुष्पा राठौड पत्नि भंवरसिंह के स्थान पर पुष्पा राठौड पत्नि भंवरसिंह उर्फ बिरेन्द्र सिंह राठौड एंव भवानी प्रतापसिंह पुत्र भंवरसिंह के स्थान पर भवानी प्रतापसिंह पुत्र भंवरसिंह उर्फ बिरेन्द्र सिंह राठौड किया जावे। शेष यथावत।**

निर्णय आज दिनांक 27.10.2023 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया।

27/10/23

उपखण्ड अधिकारी एंव पदेन सहायक कलक्टर
पीसागंन

उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर
पीसांगन

उपखण्ड अधिकारी पीसांगन (अजमेर)

Scanned with CamScanner